राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, बुधवार, 7 जून 2023

वात्सल्य योजना के प्रति जागरूकता से बच्चों को मिलेगा परिवार का प्यार- बेनीवाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

उदयपुर. फोस्टर केयर सोसायटी की ओर से यूनिसेफ के सहयोग से पोषक माता पिता व सरकारी पदाधिकारियों के बीच संवाद कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि एसपी भरत भूषण यादव, विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, सदस्य राजीव मेघवाल थे। डॉ. शिल्पा महता ने सोसायटी के कार्यों की जानकारी दी। आयोग अध्यक्ष बेनीवाल ने कहा कि वात्सल्य ऐसी योजना है, जिससे बच्चों को पारिवारिक माहौल मिलता है। इसकी जागरूकता बढ़ाने की जरुरत है। संचालन फोस्टर केयर सोसायटी की बोर्ड सदस्य अनुराधा राय ने किया। बाल अधिकारिता सहायक निदेशक मीना शर्मा, यशोदा पनिया, अंकुर टांक, संगीता राव, अंजना जोशी मौजूद थे। कुसुम पालीवाल ने आभार जताया।

वात्सल्य योजना की जागरूकता से बच्चों को मिलेगी परिवार की खुशीः बेनीवाल

उदयपुर। फोस्टर केयर सोसायटी द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से पोषक माता पिता व सरकारी पदाधिकारियों के बीच एक संवाद कार्यक्रम संवर्धनम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन फोस्टर केयर सोसायटी की बोर्ड सदस्य अनुराधा राय ने किया। इस संवाद कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा संगीता बेनीवाल तथा सदस्य राजीव मेघवाल अपनी शिरकत दी। फोस्टर केयर सोसायटी की डॉ शिल्पा महता ने फोस्टर केयर सोसायटी द्वारा किए गए कार्यों को बताया। सभी पोषक माता-पिता ने अपने फोस्टर केयर के अनुभव के साथ उन्हें आ रही चुनौतियों को सभी के साथ सांझा किया। राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा संगीता बेनीवाल ने कहा की वात्सल्य योजना ऐसी योजना हैं जिससे बच्चो को एक पारिवारिक, स्नेह व घर जैसा माहौल मिलता हैं और सभी बच्चों के चेहरे बता रहे थे की परिवार में जाने के बाद वो कितने खुश हैं। उदयपुर जिले में जो कार्य फोस्टर केयर पर हो रहा हैं उससे अब तक 24 बच्चें उदयपुर जिले में लाभान्वित हो गए हैं। जिला कलेक्टर ताराचंद्र मीणा का कहना था कि पोषक माता पिता ने जो अपने अनुभव साझा किए है वे काफी प्रेरणा दाई हैं। सभी की मौजूदगी में अध्यक्षा संगीता बेनीवाल के हाथों 5 वर्ष की देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाली पोष्य बालिका को पोषक परिवार को सुपुर्द किया गया। फोस्टर केयर सोसायटी द्वारा आम जन में जागरूकता लाने के लिए फोस्टर केयर और पालनहार योजना का ब्रोशर बनाया गया जिसे सभी उपस्थित सम्मानित अतिथियों ने विमोचन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक भरत भूषण यादव, सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, मीना शर्मा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष यशोदा पनिया, बाल कल्याण समिति सदस्य, अंकुर टांक, संगीता राव तथा अंजना जोशी, उदयपुर संभाग बाल संरक्षण कंसल्टेंट, यूनिसेफ सिंधु बेनुजीत की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया कुसुम पालीवाल, कार्यक्रम प्रबंधक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया। फोस्टर केयर सोसायटी से अनुराग मेहता, शिवानी शिंगवी, प्रणव शर्मा, लवेश प्रजापत, अभिजीत गिरी, अंजुम शेख, प्रीतम परिहार तथा भंवर लाल श्रीमाली के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया।